सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**128**
02/02/2026

स्व0 बब्बन प्रसाद शर्मा जी के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 02 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज पटना जिला के पंडारक ग्राम स्थित श्री आलोक शर्मा के आवास पर जाकर उनके पिताजी स्व0 बब्बन प्रसाद शर्मा जी के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व0 बब्बन प्रसाद शर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने श्री आलोक शर्मा एवं परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी।

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******